तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 8 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 मौसम ने फिर बदली करवट, कोरिया-एमसीबी में झमाझम बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त



खबर संक्षेप

समान नागरिक संहिता पर संभाग स्तरीय बैठक आज

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा के लिए सरगुजा संभाग में दो दिवसीय बैठक आयोजित की जाएगी। समान नागरिक संहिता समिति के सचिव की ओर से जारी पत्र के अनुसार बैठक 8 अक्टूबर को अंबिकापुर और 9 अक्टूबर को जशपुर में होगी। पत्र के अनुसार 8 अक्टूबर को अंबिकापुर में शासकीय पीजी कॉलेज आडिटोरिम में दोपहर 3 बजे बैठक रखी गई है। इसमें सरगुजा, बलरामपुर-रामानुजगंज, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सूरजपुर और कोरिया जिलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

रामराज सिंह बने एसडीएम उदयपुर, प्राची ठाकुर सीतापुर

अम्बिकापुर। जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के प्रशासनिक दृष्टिकोण से नवीन पदस्थापना हेतु आदेश जारी किया गया है। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जारी आदेशानुसार डिप्टी कलेक्टर रामराज सिंह को अनुविभागीय अधिकरी (रा.) उदयपुर एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्राची ठाकुर को अनुविभागीय अधिकरी (रा.) सीतापुर पदस्थ किया गया है।

शांति बनाए रखने नागरिक सुरक्षा मंच सौंपेगा ज्ञापन

अम्बिकापुर। सरगुजा जिले में सामाजिक सौहार्द, भाईचारा, समरसता एवं अमन-चैन का वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न धर्मों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में शांति एवं सामाजिक सद्भाव को मजबूत बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि नागरिक सुरक्षा मंच के बैनर तले 08 अक्टूबर, गुरुवार को सुबह 11 बजे जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। नागरिक सुरक्षा मंच ने कहा कि सरगुजा की शांतिपूर्ण सामाजिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को बनाए रखना सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज में वैमनस्य, तनाव अथवा अशांति का वातावरण उत्पन्न करने वाले किसी भी प्रयास को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। मंच द्वारा जिला प्रशासन से मांग की जाएगी कि सोशल मीडिया पर गाली-गलौज, अश्लील टिप्पणियों, अमर्यादित एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग कर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा लोगों के बीच वैमनस्य पैदा करने वाले खातों एवं गतिविधियों की नियमानुसार जांच कर आवश्यक एवं कठोर कार्रवाई की जाए।

कुसमी में बारिश के साथ हुई ओला वृष्टि, किसानों की बढ़ी चिंता

अंबिकापुर। मानसून की वापसी के बीच मंगलवार की देर शाम बलरामपुर जिले के कुसमी क्षेत्र में जमकर बारिश और ओला वृष्टि हुई। बारिश और ओला वृष्टि से लोगों को गर्मी से राहत तो मिली ही है लेकिन ओला वृष्टि से धान व सब्जियों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। इस वर्ष सरगुजा संभाग में जमकर बारिश हुई। बारिश से सभी नदी नाले लबालब भर गये है। बारिश के बाद मानसून अब वापस हो चुका है। मौसम विभाग के अनुसार दो अक्टूबर को मानसों सरगुजा समेत उत्तरी छत्तीसगढ़ से विदा हो गया। मानसून की वापसी के बाद तापमान में वृद्धि का सिलसिला जारी है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री तक पहुंच गया था। इस बीच मंगलवार की शाम सरगुजा समेत आस पास के जिलों में स्थानीय प्रभाव से बादल छाए रहे। तेज धूप के साथ बादलों की आवाजाही लगी रही जबकि बलरामपुर जिले के कुसमी क्षेत्र में बारिश के साथ ही जमकर ओला वृष्टि हुई। तेज हवा व बारिश के साथ बड़े बड़े ओले गिरे। ओला वृष्टि से एक तरफ तापमान में गिरावट आई है और सरगुजा में भी तापमान 30.4 डिग्री दर्ज हुआ लेकिन ओला गिरने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। ओला वृष्टि से धान की खड़ी फसल के साथ ही सब्जियों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग का कहना है कि वर्तमान में बंगाल की खाड़ी से नम हवा आ रही है जिससे स्थानीय प्रभाव से बादल बनने के साथ ही हल्की बारिश हो रही है।

प्रदेश का पहला ऐसा जेल जहां कैदियों को परिवार के साथ रहने की मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा का केंद्रीय जेल प्रदेश का ऐसा पहला जेल बनने जा रहा है जहां कैदी को अपने परिवार के साथ रहने की अनुमति होगी। जेल परिसर में ही एक ओपन जेल की सुविधा होगी जहां कैदी अपने परिवार के साथ रहकर ना सिर्फ बची हुई सजा को काट सकेगा बल्कि बाहर जाकर रोजगार भी हासिल कर सकेगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कैदियों को सजा के बाद समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है।

- खुली जेल का उदघाटन, मानक पूर्ण करने वाले कैदियों का होगा चयन

बता दें प्रदेशभर में शासन द्वारा ओपन जेल का कॉन्सेप्ट लाया गया है। इस योजना का उद्देश्य कैदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है। प्रदेश के सभी सेन्ट्रल जेलों में खुली जेल की व्यवस्था की जा रही है लेकिन इन सब के बीच अम्बिकापुर का केंद्रीय जेल प्रदेश का पहला ऐसा खुला जेल होगा जहां कैदियों को अपने परिवार के साथ रहने की सुविधा होगी। पिछले दिनों डीजी जेल हिमांशु गुप्ता ने केंद्रीय जेल में इस ओपन जेल का विधिवत उद्घाटन किया है। हालांकि अभी खुली जेल में कुछ निर्माण कार्य शेष है और निर्माण कार्य व अन्य प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बाद इस खुली जेल के लिए कैदियों का चयन किया जाएगा। इस योजना को लेकर केन्द्रीय जेल प्रबंधन का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य वर्षों तक जेल में सजा काट रहे कैदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है। जेल से बाहर निकलने के बाद कैदियों को काम मिलना, समाज में स्थान मिलना मुश्किल हो जाता है लेकिन इस पहल से उन्हें मदद मिलेगी। इसके साथ ही केन्द्रीय जेल में अनुशासन भी कायम होगा। सजा काट रहे कैदियों में ओपन जेल का लाभ उठाने के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और वे जेल के अंदर बेहतर व्यवहार करेंगे।



दो कमरों से शुरुआत, किया जाएगा विस्तार

केंद्रीय जेल प्रबंधन का कहना है कि वर्तमान में कैदियों को ओपन जेल का लाभ दिलाने के लिए दो कमरों वाला ओपन जेल बनाया गया है। इसके साथ ही उसी परिसर में किचन और बाथरूम की व्यवस्था भी होगी। आने वाले दिनों में यदि सरगुजा में यह मोडल सफल होता है तो जरुरत पड़ने पर अलग से निर्माण कार्य कराकर ओपन जेल की संख्या में वृद्धि की जाएगी।

इन मानकों पर होगा चयन

प्रबन्धन का कहना है कि केंद्रीय जेल में कैदियों का ओपन जेल के लिए चयन करने के लिए मानक तय किए जाएंगे। ऐसे कैदी जिन्होंने अपनी दस वर्ष से अधिक की सजा पूर्ण कर ली हो। इस दौरान उनका आचरण सही रहा, कभी पैरोल जम्प नहीं किया हो। उसके खिलाफ दुष्कर्म और अन्य गंभीर अपराध नहीं हो। प्रबंधन का कहना है कि कैदियों का चयन मापदंड के अनुरूप ही किया जाएगा। इसके साथ ही चयन के बाद यदि कैदी द्वारा ओपन जेल में नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उन्हें फिर से परिवार से अलग भेज दिया जाएगा।

परिवार के साथ रहने के साथ ही काम करने का मौका

ओपन जेल के तहत कैदी को चयनित करने के बाद उसे खुली जेल में अपने परिवार के साथ रहने का मौका मिलेगा। कैदी अपनी बची हुई सजा की अवधि परिवार के साथ ओपन जेल में रहकर पूरी कर सकता है। इस दौरान जेल प्रबंधन दवारा उसे एक माह का राशन, गैस सिलेंडर व अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इतना ही नहीं अपना परिवार और आजीविका चलाने के लिए कैदी बाहर जाकर रोजगार भी कर सकेगा और शाम को वापस अपने खुली जेल में आ जाएगा। शासन का उद्देश्य है कि जब कैदी जेल से बाहर निकले तो उसके पास रोजगार हो और वह समाज की मुख्य धारा से जुड़ चुका हो।

मुख्य धारा से जोड़ना उद्देश्य

केंद्रीय जेलों में ओपन जेल की शुरुआत हो रही है। सरगुजा का ओपन जेल फैमिली ओरीआई है। चयनित कैदी को परिवार के साथ रहने की सुविधा दी जाएगी। हम शुरुआत में उन्हें एक माह का राशन देंगे और उसके बाद वह बाहर रोजगार हासिल कर अपने परिवार का भरण पोषण करेगा। इस पहल का उद्देश्य कैदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना व आत्म निर्भर बनाना है। इसके साथ ही जेल की अनुशासन व्यवस्था भी बनी रहेगी। कुछ निर्माण के बाद जल्द ही प्रक्रिया शुरू होगी।

-अक्षय सिंह राजपूत, जेल अधीक्षक

केंद्रीय राज्य मंत्री सहित भाजपा नेताओं ने लिया जनसेवा का संकल्प

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में प्रधानमंत्री के 25 वर्षों की सेवा का महत्वपूर्ण योगदान : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासन प्रमुख के तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनसेवा और सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'सेवा संकल्प अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता एवं गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, जिला प्रभारी गोपाल साहू, विधायक प्रबोध मिंज, विधायक राजकुमार टोप्पो, महापौर मंजूषा भगत और जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में "विकसित भारत संकल्प सभा" एवं "सेवा ज्योति यात्रा" का आयोजन स्थानीय कलाकेंद्र मैदान में किया गया।

खास बात

- शहर में निकाली गई बाइक रैली

भारत माता के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सभा के दौरान अतिथियों के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने वंदेमातरम् गीत गाया तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइव प्रसारित संदेश को सुना। सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों की जनसेवा और सुशासन की यात्रा देश के विकास और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण रही है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता जनसेवा और विकसित भारत के संकल्प को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। सेवा संकल्प अभियान जनसेवा, राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करने का माध्यम है। प्रस्तावना उद्बोधन में भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों की जनसेवा की यात्रा देश के लिए प्रेरणादायी है। भाजपा कार्यकर्ता सेवा और संगठन के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। दोपहर सभा के अंत में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया एक बाइक पर सवार होकर भाजपा पदाधिकारियों एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ बाइक रैली के रूप में सेवा ज्योति यात्रा पर निकले। यह यात्रा कलाकेंद्र मैदान से महामाया चौक, जयस्तंभ चौक, अग्रसेन चौक, पुराना बस स्टैंड, जेल रोड, नगर पालिका निगम, सेवा ज्योति चौक होते हुए गांधी चौक पहुंची, जहां मानव रंगोली बनाकर प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण किया गया, जहां मंत्री तोखन साहू एवं अन्य अतिथियों ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। सभा के दौरान मंच का संचालन भाजपा के जिला महामंत्री विनोद हर्ष एवं अरुणा सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत में मंत्री तोखन साहू ने उपस्थित जनों को विकसित भारत सेवा संकल्प की शपथ दिलाई तथा अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, सहकारी बैंक अध्यक्ष रामकिशुन सिंह, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, विकास पांडेय, मधु चौदाहा, चंद्रिका प्रसाद यादव, पायल सिंह तोमर, रूपेश दुबे, देवनाथ सिंह, निलेश सिंह, अभिषेक शर्मा, मनोज गुप्ता, कमलेश तिवारी, मयंक जायसवाल, जतीन परमार, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष निशांत सिंह सोलू, प्रिया सिंह, अनीश सिंह, अनुराग शुक्ला, ओंकारेश्वर सिंह, सौरभ मिश्रा सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित केन्द्रीय राज्य मंत्री व अन्य अतिथि।

नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, लिफ्ट देने के बहाने बैठाया था स्कूटी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा के लुंड्रा में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। ओर्केस्ट्रा कार्यक्रम देखने जा रही नाबालिग को लिफ्ट देने के बहाने स्कूटी में बैठाकर जंगल में ले गए और बारी बारी से उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। अब इस मामले में नाबालिग की शिकायत पर पुलिस ने एक विधि से संघर्षरत बालक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही मामले की विवेचना चल रही है।

- एक नाबालिग समेत चार आरोपी गिरफ्तार, लुंड्रा थाना क्षेत्र की घटना

बताया जा रहा है कि जिले के लुंड्रा थाना क्षेत्र में 5 अक्टूबर की रात ओर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस ओर्केस्ट्रा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दो नाबालिग छात्राएं पैदल जा रही थी। इसी बीच रास्ते में उन्हें एक बाइक और एक स्कूटी सवार चार युवक मिले। युवकों ने उन्हें लिफ्ट देने और ओर्केस्ट्रा कार्यक्रम तक छोड़ने की बात कही। आरोपियों के झांसे में आकर दोनों छात्राएं बाइक व स्कूटी में बैठ गई। आरोप है कि बाइक सवार नबालिग को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचा दिया गया लेकिन स्कूटी सवार नाबालिग को लेकर दोनों युवक सुनसान जगह पर ले गए। इस दौरान उन्होंने फोन कर अपने दो अन्य साथियों को भी मौके पर बुला लिया। इसके बाद उन्होंने नाबालिग के साथ जबरन बारी बारी से दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद आरोपी मौके से भाग गए। इधर घटना के बाद नाबालिग किसी तरह अपने घर पहुंची और घटना की सूचना परिजन को दी। 6 अक्टूबर को परिजन ने घटना की शिकायत लुंड्रा थाना में दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ⏭शेष पेज 4 पर

बृहस्पति सिंह ने वरिष्ठ नेताओं और संगठन की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

अंबिकापुर। अपने बयानों और पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण कांग्रेस पार्टी से निष्कासित चल रहे पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह ने एक बार फिर अपने बयानों से सरगर्मी बढ़ा दी है। पूर्व विधायक श्री सिंह ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और संगठन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है। अपने जन्म दिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह से जब उनके कांग्रेस पार्टी में वापसी की संभावनाओं को लेकर प्रश्न पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी और ममता बनर्जी जैसे बड़े नेताओं की भी कांग्रेस में वापसी नहीं हुई, इसलिए इस तरह की चर्चाओं का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को नसीहत देते हुए संगठन की कार्यप्रणाली पर ही सवाल खड़े किए है। उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि 400 से अधिक सीटों वाले राज्य में पार्टी पांच सीटें भी नहीं जीत सकी। वहीं दिल्ली जहां वर्षों तक कांग्रेस की सरकार रही वहां आज कांग्रेस का एक विधायक भी नहीं है। उन्होंने अपने बयानों पार्टी के नेतृत्व की क्षमता पर सवाल उठाए है। वहीं कहा कि भगवान से प्रार्थना करते हैं कि कांग्रेस के नेताओं को सद्बुद्धि मिले, ताकि पार्टी के अच्छे दिन फिर लौट सकें।

बाजार से मोबाइल चोरी, दो दिन बाद यूपीआई से अज्ञात ठग ने निकाल लिए तीन लाख

बिश्रामपुर। सिलफिली बाजार से ग्रामीण का मोबाइल चोरी होने के बाद उसके जरिए बैंक खाते और यूपीआई तक पहुंच बनाकर खाते से तीन लाख रुपये निकाले जाने का मामला सामने आया है। ग्राम मदनपुर निवासी रामअवतार कुशवाहा की शिकायत पर जयनगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।शिकायत के मुताबिक 25 से 27 सितंबर के बीच छह अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए खाते से कुल तीन लाख रुपये निकाले गए।

- तीन दिनों में छह ट्रांजेक्शन से खाते से निकली रकम, फोन पे रिपेयर करने आए युवकों पर भी संदेह

राम अवतार ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह दुकानदारी व खेती-किसानी का काम करता है,24 सितंबर को वह सब्जी खरीदने सिलफिली बाजार गया था,इसी दौरान उसका मोबाइल अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया,मोबाइल नंबर उसके बैंक के खाते से लिंक था और इसी नंबर के माध्यम से वह फोन-पे यूपीआई का इस्तेमाल करता था।

सिम दोबारा जारी कराने के बाद खाते से निकली रकम

शिकायत के अनुसार मोबाइल चोरी होने के बाद सिम को बंद कराकर दोबारा जारी कराने के लिए राम अवतार के साले सोनू ने अपने परिचित राजू तिर्की से संपर्क किया,राजू द्वारा आधार कार्ड की फोटो, पता और मोबाइल का आईएमईआई नंबर मांगे जाने पर यह जानकारी उसके मोबाइल नंबर पर भेजी गई,इसके बाद राम अवतार और उसका साला अंबिकापुर स्थित जियो कार्यालय पहुंचे, जहां आधार और लाइव फोटो की प्रक्रिया पूरी करने के बाद नया सिम जारी कराया गया।

फोन-पे स्पीकर ठीक करने आए थे दो युवक

शिकायत पत्र में राम अवतार ने पुलिस को बताया कि उसकी दुकान में लगा फोन-पे स्पीकर पहले से खराब था। इसे ठीक कराने के लिए संबंधित लोगों से संपर्क किया गया था। 25 सितंबर को प्रतीक केरकेट्टा और सूरज नाम के दो युवक दुकान पर पहुंचे। उन्होंने मोबाइल मांगा, जिसके बाद राम अवतार ने फोन अनलॉक कर उन्हें दे दिया,दोनों ने फोन-पे स्पीकर ठीक किया और चले गए।अगले दिन 26 सितंबर को दोनों ने फोन कर मोबाइल पर पेमेंट का मैसेज आने के संबंध में जानकारी ली।शिकायत के मुताबिक इसके बाद उसके बैंक खाते से अलग अलग छह ट्रांजेक्शन में तीन लाख रुपये निकल गए। घटना के बाद पीड़ित ग्रामीण राम अवतार ने जयनगर थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दी जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

स्मार्ट मीटर के विरोध में पूर्व मंत्री के नेतृत्व में कांग्रेस का हल्लाबोल

स्मार्ट मीटर से मध्यमवर्गीय और बीपीएल परिवारों पर दोहरी मार : अमरजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

स्मार्ट मीटर की वजह से उपभोक्ताओं पर बिजली बिल के बढ़ते बोझ के विरोध में कांग्रेसियों ने पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के विरोध में हल्ला बोलते हुए पांच सूत्रीय मांगों के समर्थन में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। सहायक अभियंता को सौंपे गए ज्ञापन में स्मार्ट मीटर लगाने पर पुनर्विचार करने, बढ़ी हुई बिजली दर कम करने समेत पांच मांगे रखी गई है।

विदित हो कि प्रदेश सरकार द्वारा अभियान के तहत बिजली उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगवाया जा रहा है। घरों में स्मार्ट मीटर लगाने के पीछे सरकार का उद्देश्य था कि इससे बिजली बिल में बचत होगा लेकिन हुआ इसके ठीक उल्टा। जब से उपभोक्ताओं को घरों में स्मार्ट मीटर लगा है तब से बिजली बिल काफी बढ़कर आ रहा है। इस स्मार्ट मीटर का खामियाजा मध्यमवर्गीय परिवार के साथ बीपीएल परिवारों को ज्यादा भुगतना पड़ रहा है। जिन बीपीएल परिवारों के घरों में महीने का बिजली बिल पचास से सौ रुपये बिल आया करता था अब उन घरों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल हजारों में आ रहा है। स्मार्ट मीटर की वजह से बिजली बिल की मार झेल रहे उपभोक्ताओं की इस परेशानी को देखते हुए कांग्रेसियों ने पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में जमकर हल्ला बोला। पूर्व विधायक निवास के सामने आयोजित धरना प्रदर्शन में पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने प्रदेश को तानाशाह बताते हुए कहा कि सरकार जनता की गाढ़ी कमाई लूट रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्मार्ट मीटर की जरूरत नही थी लेकिन सरकार उद्योगपतियों के इशारे पर उपभोक्ताओं के घरों में जबर्दस्ती स्मार्ट मीटर लगवा रही है। जब से उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगा है बिजली बिल में कई गुणा इजाफा हो गया है। लोग वैसे ही महंगाई की मार झेल रहे हैं ऊपर से बचा खुचा कसर सरकार ने स्मार्ट मीटर ने लगवाकर पूरा कर दिया है। सरकार की इस नीति से मध्यमवर्गीय परिवार के साथ बीपीएल परिवारों को भी महंगाई की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। कांग्रेस पार्टी प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्मार्ट मीटर का विरोध करती है और ये मांग करती है कि सरकार को स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर पुनर्विचार करें। धरना प्रदर्शन के बाद पूर्व मंत्री समेत कांग्रेसी पैदल मार्च करते हुये बिजली विभाग पहुँचे और अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम सहायक अभियंता बिजली विभाग को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तिलक बेहरा, नपं अध्यक्ष प्रेमदान कुजूर, गणेश सोनी, सुरेंद्र अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, बदरुद्दीन इराकी, संदीप गुप्ता, शिव गुप्ता, सुखदेव भगत, अरुण गुप्ता, परमेश्वर गुप्ता, नागेश्वर राम, राजेश्वर राम, दिलेश तिग्गा, विनोद सोनी, विकास गुप्ता, संतोष गुप्ता, राहुल गुप्ता व अन्य मौजूद थे।



नकली दांत बना जानलेवा, पानी पीती महिला के गले में जा फंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नकली दांत लगवाने के बाद सुरक्षा नहीं बरती गई तो वहीं नकदी दांत लोगों के लिए न सिर्फ परेशानी का सबब बन सकता है बल्कि खतरनाक भी हो सकता है। कुछ इस तरह की स्थित शहर की एक महिला की हो गई जो पानी पीने के दौरान ही नकली दांत को निगल ली। नकली दांत के गले में फंस जाने से महिला की जान पर बन आई। समय पर महिला के अस्पताल पहुंच जाने से बाद चिकित्सकों की टीम ने पांच घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद गले में फंसे नकली दांत को बाहर निकला।

- पांच घंटे के ऑपरेशन के बाद चिकित्सकों ने निकाला दांत

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सको के मुताबिक शहर के 50 वर्षीया रंजना नामक महिला जो ऊपर के चार दांत के टूट जाने पर नकली दांत लगवाई थी। 4 अक्टूबर को महिला पानी पी रही थी तभी नकदी दांत अपनी जगह से निकल गया जिससे पानी पीने के दौरान ही महिला निगल ली जिससे नकली दांत गले में फंस गया। गले में नकली दांत के फंस जाने पर महिला न तो कुछ खा पा रही थी और न पी सकती थी। इधर परिजन आहार नली में नकली दांत के फंस जाने पर तत्काल महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सको ने तत्काल महिला का एक्स-रे कराया तो नकली दांत आहार नली में फंसा दिखा। चिकित्सकों ने ऑपरेशन कराने की सलाह परिजन को दी। परिजन की सहमति से महिला की जान बचाने के लिए एएनटी विभाग और सर्जरी विभाग की टीम ने तत्काल ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। लगभग पांच घंटे तक चले ऑपरेश के बाद महिला के गले में फंसे नकली दांत को बाहर निकाल महिला की जान बचाई। ऑपरेशन में डॉ. अनुपम मिंज, डॉ. मनोज भारती, डॉ. उषा, डॉ. महिमा, डॉ. अनामिका, डॉ. संदीप, डॉ. प्रेरणा, डॉ. प्रतिभा, डॉ. वासुदेव की टीम सक्रिय रहे।



खबर संक्षेप

संभाग स्तरीय युवा कर्मा महोत्सव प्रतियोगिता



बैकुण्ठपुर। संभाग स्तरीय युवा कर्मा महोत्सव प्रतियोगिता में पोड़ी बचरा कदम बहरा नव युवक जन सेवा समिति ग्राम पंचायत कदम बहरा में आयोजित संभाग स्तरीय युवा कर्मा महोत्सव प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने करम देव की विधिवत पूजा अर्चना की एवं कर्मा लोक नृत्य में सहभागिता किए कर्मा पर्व आदिवासी लोक सांस्कृतिक, प्रकृति प्रेम, आस्था और सामुदायिक एकता का जीवंत प्रतीक है कर्म वृक्ष की पूजा कर हम प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं तथा सुख समृद्धि अच्छी फसल और परिवार एवं समाज की खुशहाली की कामना करते हैं संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से आए करमा दलों ने पारंपरिक वेशभूषा, मांदर की थाप और मनमोहक करमा नृत्य के माध्यम से हमारी समृद्ध लोक परंपरा की सुंदर झलक प्रस्तुत किए करमा गीत और नृत्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही संस्कृति, परंपरा और प्रकृति से जुड़ाव की अभिव्यक्ति है इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, जिला पंचायत सदस्य सुषमा कोराम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कलावती मरकाम, कांग्रेसी नेता नरेश जायसवाल, शीतल सिंह, बसंत सिंह, रामकुमार, जितेंद्र, कमलेश, उदित नारायण, उर्मिला सिंह मार्को, लाल दास महंत एवं अन्य नेता उपस्थित रहे।

रफीक बने जिला कांग्रेस कमेटी एमसीबी के प्रतिनिधि

मनेन्द्रगढ़। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत की अनुशंसा पर पूर्व जनपद सदस्य एवं जिला कांग्रेस महामंत्री



रफीक मेमन को जिला कांग्रेस कमेटी एमसीबी का अधिकृत प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति में पूर्व विधायक गुलाब कमरो एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव की सहमति भी रही। नवीन दायित्व के तहत रफीक मेमन निर्वाचन संबंधी बैठकों, चुनावी तैयारियों, चुनावी समीकरणों तथा संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जिला प्रशासन एवं निर्वाचन कार्यालय के समक्ष जिला कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधित्व करेंगे।

पंचायतों में क्यूआर कोड है पारदर्शिता की नई मिसाल

बैकुण्ठपुर। सेवा संकल्प अभियान का मूल उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति देश के विकास में और विकास की प्रत्येक गतिविधि में शामिल हो। यह तभी संभव है जब सारे विकास के कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ हों। पारदर्शिता को अपनाते हुए विकसित भारत जीरामजी योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में अब ग्राम पंचायत में वीबीजीरामजी योजना के लाभ से लेकर उसके अनुमेय कार्यों का विवरण भी एक स्कैन दूर है। आज जिले के सभी ग्राम पंचायतों में वीबीजीरामजी योजना के अंतर्गत रोजगार सह आवास दिवस मनाया गया। इस दौरान श्रमिकों ने क्यूआर कोड स्केन कर नई जानकारी हासिल की तथा कार्य की मांग और आवश्यकताओं को चिन्हित किया गया। और साथ ही आवास हितग्राहियों के भी तकनीकी समस्याओं को निराकृत किया गया।

पौन घंटे की बारिश से सड़कें हुईं तरबतर, धान की फसल को मिली संजीवनी

मौसम ने फिर बदली करवट, कोरिया-एमसीबी में झमाझम बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बारिश के मौसम की विदाई के समय एक बार फिर मौसम ने करवट बदली है। इसके चलते बुधवार को अपराह्न कोरिया-एमसीबी जिले के कई क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। करीब पौन घंटे तक हुई बारिश से पूरा क्षेत्र तरबतर हो गया। कई दिनों के अंतराल के बाद हुई बारिश से जहां लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली, वहीं वर्तमान में बालियां निकल रही धान की फसल के लिए भी इसे लाभकारी माना जा रहा है। इसके एक दिन पूर्व मंगलवार सुबह जिले के कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश हुई थी।

मौसम में बदलाव को लेकर मौसम विभाग ने पूर्व में ही बारिश की संभावना जताई थी। बुधवार सुबह मौसम पूरी तरह साफ था, लेकिन दोपहर बाद आसमान में बादल उमड़ने-घुमड़ने लगे। इसके बाद अपराह्न में गरज-चमक के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया। जानकारी के अनुसार जनपद बैकुण्ठपुर और सोनहत के अधिकांश क्षेत्रों में पहले हल्की बारिश हुई, जिसके बाद कुछ देर तक झमाझम बारिश होती रही। करीब पौन घंटे की बारिश के बाद सड़कों पर पानी का बहाव शुरू हो गया। अचानक हुई बारिश के कारण कुछ समय के लिए सड़कों पर लोगों की आवाजाही भी प्रभावित रही। शहर सहित बाहरी क्षेत्रों के मुख्य मार्गों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई। बारिश थमने के बाद मौसम कुछ देर खुला, लेकिन शाम ढलने के बाद भी जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी रहा।





बारिश के बाद मौसम में घुली ठंडक

बुधवार को कुछ देर हुई अच्छी बारिश के बाद मौसम खुलने पर वातावरण में ठंडक घुल गई। बारिश के बाद चली ठंडी हवाओं से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। शाम के समय मौसम खुशनुमा हो गया और लोगों ने बदले मौसम का आनंद लिया।

धान की फसल को मिली संजीवनी

कई दिनों के अंतराल के बाद हुई झमाझम बारिश को धान की फसल के लिए लाभकारी माना जा रहा है। बारिश के दौरान तेज हवाएं नहीं चलने के कारण धान की फसल को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। वर्तमान में जिले के अधिकांश क्षेत्रों में धान की फसल में बालियां निकलने लगी हैं। ऐसे समय में हल्की बारिश फसल के लिए फायदेमंद मानी जाती है। हालांकि तेज बारिश होने पर फूट रही धान की बालियों के परागकण प्रभावित होने की आशंका रहती है। इस वर्ष पर्याप्त बारिश होने के कारण जिले के अधिकांश क्षेत्रों में धान की फसल अच्छी स्थिति में है। किसानों के अनुसार अब फसल को अत्यधिक बारिश की आवश्यकता नहीं है। ऐसे में आगे तेज बारिश होती है तो तैयार हो रही धान की फसल को नुकसान होने की आशंका बनी रह सकती है।

जंगली सूअर के शिकार के लिए फैलाया करंट, चार गिरफ्तार



बिजुरी। जिले के बिजुरी वन परिक्षेत्र अंतर्गत भेंडरीतलैया के जंगल में जंगली सुअर के शिकार के मामले में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोप है कि आरोपियों ने जंगली सुअर का शिकार करने के लिए 11 केवी हाईटेंशन बिजली लाइन से अवैध कनेक्शन लेकर करीब तीन किलोमीटर क्षेत्र में करंट फैला दिया था। इसी करंट की चपेट में आने से जंगली सुअर की मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर बिजुरी वन परिक्षेत्र की टीम ने संबंधित क्षेत्र में पहुंचकर जांच-पड़ताल की। कार्रवाई के दौरान वन विभाग ने शिकार में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, बिजली के तार, खूंटियां तथा जंगली सुअर की जली हुई हड्डियों के अवशेष बरामद किए। बरामद सामग्री और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर वन विभाग ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 2, 9, 39, 50 एवं 51 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। वन्यजीव के शिकार के लिए हाईटेंशन बिजली लाइन से अवैध रूप से करंट फैलाने की घटना को वन विभाग ने गंभीरता से लिया है। करीब तीन किलोमीटर क्षेत्र में करंट फैलाए जाने के आरोप ने न केवल वन्यजीव सुरक्षा, बल्कि मानव एवं पशु सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंता पैदा की है। वन विभाग द्वारा मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

कॉलरी के क्वार्टर में चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

जिले के चरचा थाना क्षेत्र में क्वार्टर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराध दर्ज होने के महज तीन घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की रकम से खरीदा गया मोबाइल फोन तथा नगदी बरामद की है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 6 अक्टूबर 2026 को स्टाफ कॉलोनी चरचा निवासी अमन सिंह ने थाना चरचा पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि उसकी मां 5 अक्टूबर को चरचा आरओ ऑफिस में काम करने के लिए सुबह करीब 10 बजे घर से गई थीं। दोपहर करीब 2 बजे जब वह खाना खाने के लिए वापस घर पहुंचीं तो घर के पीछे बाथरूम के पास स्थित रोशनदान टूटा हुआ मिला। घर के अंदर जाकर देखने पर अलमारी में रखी नगदी रकम गायब मिली। बताया गया कि चोर अलमारी से 50 और 100 रुपये के नोटों के रूप में करीब 15 हजार रुपये नगद तथा घर में रखा फल व अन्य खाने-पीने का सामान चोरी कर ले गया था। शिकायत पर थाना चरचा में अपराध क्रमांक 151/2026, धारा 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस को संदेही शमशेर बसोर उर्फ गगन बसोर, पिता दिलीप बसोर, निवासी घुटरी दफाई चरचा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली।

विशाल कलाकृति बनी आकर्षण का केंद्र

मनेन्द्रगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन एमसीबी के सहयोग से शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मनेंद्रगढ़ के प्रांगण में आज जिला स्तरीय रंगोली राष्ट्र/भारत मंडला का भव्य आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. श्राबनी चक्रवर्ती के कुशल संरक्षण एवं मार्गदर्शन में महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं के अथक प्रयासों से तैयार की गई 7676 फीट आकार की विशाल गोलाकार रंगोली ने पूरे क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना दिया। विविध आकर्षक रंगों से सजी इस भव्य कलाकृति में भारत सरकार की विभिन्न दूरदर्शी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को कलात्मक ढंग से प्रदर्शित कर योजनाओं के माध्यम से देश के विकास और जनसेवा की तस्वीर को जीवंत स्वरूप दिया गया।

बाड़ी को घेरकर उगा रहा था गांजा, 14 पौधे जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

ग्राम गांजर में घर की बाड़ी को कपड़े से चारों ओर से घेरकर गांजा के पौधों की अवैध खेती किए जाने का मामला सामने आया है। मुखबिर की सूचना पर जनकपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाड़ी में छापामार कार्रवाई की और गांजा के 14 पौधे बरामद किए। इनका कुल वजन 18 किलो 690 ग्राम बताया गया है।



पुलिस ने पौधों को विधिवत जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार थाना जनकपुर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम गांजर निवासी हरि लाल पिता रामकुमार (52) अपने घर की बाड़ी में अवैध रूप से गांजा के पौधे लगा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और



बाड़ी की तस्दीक की। इस दौरान बाड़ी को कपड़े से चारों तरफ से घेरा हुआ पाया गया। पुलिस के मुताबिक, बाड़ी को इस तरह घेरकर रखा गया था कि बाहरी लोगों का अंदर आना-जाना मुश्किल हो और पौधों की आसानी से देखभाल की जा सके। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने बाड़ी में प्रवेश का रास्ता बनाया और विधिवत छापामार कार्रवाई की। तलाशी के दौरान बाड़ी से गांजा के कुल 14 पौधे बरामद हुए। पुलिस ने बरामद पौधों का कुल वजन 18 किलो 690 ग्राम होना बताया है। सभी पौधों को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांसेज एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी हरि लाल के विरुद्ध धारा 20(ए) एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई एसडीओपी अरविंद खलखो के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विजय सिंह के नेतृत्व में की गई। टीम में सहायक उपनिरीक्षक दिनेश चौहान, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक मनीष साहू, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक कमलेश मरकाम, प्रधान आरक्षक संदीप बागीस, आरक्षक सूर्यपाल सिंह, आरक्षक संजय सिंह एवं महिला आरक्षक राजकुमारी मरकाम शामिल रहे। जनकपुर पुलिस ने कहा है कि क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की खेती, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

पिकअप वाहन से टकराई बाइक, छात्र की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

थाना क्षेत्र के समीपवर्ती आमाडाऔड़ रोड से लगे फुलवारी टोला में मंगलवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 18 वर्षीय 12वीं कक्षा के छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क पर जाम लगाकर अपना विरोध जताया। मृतक की पहचान ग्राम हर्री निवासी ललित केवट, पिता बृजेश केवट के रूप में हुई है। ललित मलगा हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं का छात्र था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 10:45 बजे ललित केवट अपने गांव हर्री से बाइक पर सवार होकर स्कूल जाने के लिए निकला था। बताया जा रहा है कि बाइक पर तीन युवक सवार थे। इसी दौरान आमाडांड़ रोड के फुलवारी टोला के पास बाइक आगे चल रहे

रोड के फुलवारी टोला में हादसा



पिकअप वाहन से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक के आगे एक पिकअप वाहन जा रहा था। इसी दौरान सामने से टेलर वाहन आने के कारण पिकअप चालक ने अचानक अपनी गति धीमी कर दी। पीछे से तेज गति से आ रही बाइक पिकअप वाहन से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार उसकी चपेट में आ गए। हादसे में ललित केवट की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना में थाना प्रभारी रामनर सुमित कौशिक ने कहा कि मामले पर मर्ग कायम कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है।

हादसे के बाद सड़क पर लगा जाम

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। छात्र की मौत से लोगों में आक्रोश फैल गया और ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हादसे में शामिल वाहनों के संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। घटना से मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है।

ओड़गी नाका में विकसित भारत सेवा ज्योति चौक की स्थापना

बैकुंठपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के शासन प्रमुख के रूप में जनसेवा के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बैकुंठपुर के रामानुज स्वामी स्टेडियम में विकसित भारत सेवा ज्योति सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। विकसित भारत सेवा ज्योति सभा को नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। इससे पूर्व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने देशभर के कार्यकर्ताओ एवं देशवासियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों की जनसेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण की यात्रा पर प्रकाश डाला।

खराब नेटवर्क को आयोग ने माना सेवा में कमी

बैकुण्ठपुर। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बैकुण्ठपुर ने टेलीकॉम कंपनी के खराब नेटवर्क को सेवा में कमी मानते हुए परिवादी के पक्ष में फैसला सुनाया है। आयोग ने संबंधित टेलीकॉम कंपनी को परिवादी को 14 हजार रुपए क्षतिपूर्ति देने का आदेश 7 अक्टूबर को जारी किया। इसमें 10 हजार रुपए सेवा में कमी के लिए क्षतिपूर्ति और 4 हजार रुपए वाद व्यय के रूप में देने के निर्देश दिएगए हैं। राशि 60 दिनों के भीतर जिला उपभोक्ता आयोग, बैकुण्ठपुर के खाते में जमा करनी होगी। निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं करने पर 10 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति राशि पर 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा। आयोग के पारित आदेश के अनुसार बैकुण्ठपुर जनपद अंतर्गत ग्राम सलका निवासी अभिनव पाण्डेय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र हैं और संबंधित टेलीकॉम सेवा के नियमित उपभोक्ता थे। उनके निवास क्षेत्र में कई महीनों से नेटवर्क की समस्या बनी हुई थी। समस्या को लेकर अभिनव पाण्डेय ने 21 सितंबर 2023 को संबंधित कंपनी के अपीलीय प्राधिकारी को ई-मेल के माध्यम से शिकायत की।

न्या.-(पल्लव रघुवंशी) प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग.

उ.प्र.क्र.- 31/2026
प्रो.नं.- 387/26
आगामी पेशी तिथि–27/10/2026

ठाकुर प्रसाद श्याम आ.बाबा राम श्याम उम्र 52 वर्ष, निवासी ग्राम बेलखरिखा, थाना-दरिमातहसील- लखनपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) -------आवेदक

प्रति

1. शाखा प्रबंधक, सरगुजा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक लखनपुर, सरगुजा छ.ग.
2. आम जनता। -------

अनावेदकगण

आवेदन अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम।

सर्व साधारण आम जनता निवासी ग्राम बेलखरिखा, थाना-दरिमा तहसील-लखनपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) एवं हितबद्ध नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372 का वाद प्रस्तुत कर अपनी दादी स्व.तीजो बाई पत्नी देवसाय जिनकी मृत्यु दिनांक-12.02.2018 को होना बताते हुए आवेदक की दादी स्व.तीजो बाई के मृत्यु उपरांत अनावेदक क्र.1 सरगुजा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक लखनपुर, सरगुजा छ.ग. में बचत खाता क्र.6000221010003470 संचालित है, जिसमें दिनांक 03.11.2021 की स्थिति में 1,02,315/- (एक लाख दो हजार तीन सौ पन्द्रह) रूपये जमा एवं उस पर देय ब्याज राशि को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र की मांग की गई है। आम नागरिक को ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि सुनवाई तिथि दिनांक 27/10/2026 को नियत है।

अतः इस ईश्तहार के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्व.तीजो बाई के मृत्यु उपरांत उक्त जमा राशि एवं उस पर देय ब्याज को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार किसी व्यक्ति या नागरिक को आपत्ति हो तो वह पेशी तिथि-27/10/2026 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। पेशी दिनांक के पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति अमान्य होगी और आवेदक को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया जायेगा, यदि किसी कारण वश उस तिथि को सार्वजनिक अवकाश हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 29.9.2026 को जारी किया गया।

(पल्लव रघुवंशी)
न्या.प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा छ.ग.

न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.

प्रो.नं.409/26
उ.प्र.क्र.37/2026

आवेदकः- हीरामनी टोप्पो पत्नी सीता राम उम्र लगभग 59 वर्ष, जाति उरांव निवासी मुक्तिपारा अटल आवास के पास फुन्दुरडिहारी, थाना गांधीनगर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग.

प्रति

अनावेदकगणः- 1. शाखा प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक शाखा गुरूद्वारा श्री गुरूसिंह सभा अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग.
2. आम जनता

सर्व साधारण आम जनता मुक्तिपारा अटल आवास के पास फुन्दुरडिहारी, थाना गांधीनगर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. एवं हितबद्ध नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका द्वारा भा.उ.अधि.की धारा 372 का वाद प्रस्तुत कर व्यवहार न्यायाधीश अम्बिकापुर के न्यायालय में प्रस्तुत कर आवेदिका का पुत्र सुनील कुमार टोप्पो आ. आ.सीताराम टोप्पो, जिसकी मृत्यु हो गयी है के बचत खाता क्र. 43053757152 में 4,34,398.99 रूपये जमा राशि को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की गई है। आम नागरिक को ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में सुनवाई 03.11.2026 को नियत है।

अतः इस ईश्तेहार के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्व.सुनील कुमार टोप्पो आ.सीताराम टोप्पो के मृत्यु उपरांत मा.स्टेट बैंक शाखा गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा अम्बिकापुर में बचत खाता क्र.-43053757152 में 4,34,398.99 रूपये जमा राशि को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकारा किसी व्यक्ति या नागरिक को आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 03.11.2026 तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं पेशी दिनांक के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अमान्य होगी और आवेदिका को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया जाएगा यदि किसी कारणवश उस तिथि को सार्वजनिक अवकाश हो जाता है तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 07/10/26 को जारी किया गया।

(पल्लव रघुवंशी)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा छ.ग.

न्यायालय- (आशीष भगत) चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सूरजपुर जिला- सूरजपुर छ.ग.

उत्तराधिकार के 37/2026
प्रो. नं. 232/26
पेशी दिनांक 16/10/26

// ईश्तहार //

1. गायत्री साहू पति स्व. पन्नालाल साहू उम्र लगभग 51 वर्ष पेशा-शिक्षक 2. प्रियंका साहू पिता पन्नालाल साहू पति कैलाश चंद साहू उम्र लगभग 32 वर्ष पेशा नौकरी 3. अमित कुमार साहू पिता- पन्नालाल साहू उम्र लगभग 30 वर्ष पेशा- विद्यार्थी 4. सुमित कुमार आ. पन्नालाल साहू उम्र लगभग 28 वर्ष पेशा विद्यार्थी, सभी जाति- तेली, निवासी ग्राम नारायणपुर थाना तहसीला रामानुजनगर जिला सूरजपुर छ.ग. हाल मुकाम ग्राम-रनई थाना पटना तहसील बैकुण्ठपुर जिला- कोरिया (छ.ग.)..... आवेदकगण

प्रति

1. जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर सूरजपुर जिला- सूरजपुर (छ.ग.) 2. शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक प्रेमनगर जिला सूरजपुर (छ.ग.) 3. भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय मनेन्द्रगढ़ रोड जिला- सूरजपुर (छ.ग.) 4. संतरा साहू पिता रामवचन साहू उम्र लगभग 40 वर्ष पेशा-गृहस्थी निवासी सलका प्रेमनगर जिला सूरजपुर (छ.ग.) 5. आम जनता.....अनावेदकगण

बनाम:- इस ईश्तहार के जरिये अनावेदकगण व आम जनता सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका के पति स्व. पन्नालाल साहू जो जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सूरजपुर के अधीनस्थ होकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदननगर टी. विकासखण्ड प्रेमनगर जिला सूरजपुर छ.ग. पर कर्मचारी के रूप में पदस्थ था, जिसकी मृत्यु उसके सेवा काल के दौरान ही दिनांक 13.04.2026 को अस्पताल ले जाते समय ईलाज के पूर्व ही गया था। पन्नालाल के मृत्यु पश्चात उसके प्रथम उत्तराधिकारी प्राप्त करने के प्रथम उत्तराधिकारी माना आवेदिका ही है, जो इस न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बावद आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 372 भा. उत्तराधिकार अधि. के अन्तर्गत प्रस्तुत किये है। यह कि पति पन्नालाल जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सूरजपुर में अधीनस्त होकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदननगर टी, विकास खण्ड प्रेमनगर जिला- सूरजपुर छ.ग. में कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे जिसकी मृत्यु के पश्चात मिलने वाली समस्त कटौतियों 01. प्रोविडेन्ट फण्ड 02. ग्रेज्युटी 03. अवकाश नगदीकरण 04. समूह बीमा 05. भारतीय स्टेट बैंक प्रेमनगर में मृतक के नाम पर जमा राशि 06 भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय सूरजपुर में जमा राशि मय ब्याज सहित जिसका पालिसी नंबर 3687993350 एवं पेंशन राशि निर्धारित होने के बाद जो देय हो उसे प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की आवश्यकता आवेदिका को है। इस प्रकार पति पन्नालाल की मृत्यु के उपरांत प्रथम उत्तराधिकारी माना आवेदिका ही है। यदि कोई व्यक्ति कोई दावा या हक रखते है तो कैफियत के साथ पेशी दिनांक 16/10/2026 को दिन के ठीक 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हों।

यदि आप बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है, तो आपके विरूद्ध प्रकरण का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है या कार्य दिवस स्थगित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि को किया जावेगा।

आज दिनांक 05/10/26 को इस न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

स्थान- सूरजपुर

(आशीष भगत)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सूरजपुर, जिला- सूरजपुर छ.ग.











खबर संक्षेप

सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर आज

बिश्रामपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में सेवा संकल्प अभियान के तहत 8 अक्टूबर को विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा,शिविर में नगर सहित आसपास के क्षेत्र के नागरिकों, व्यापारियों और युवाओं से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई है,खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित भगत ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित होगा। आयोजन का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ ही समाज में जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता में सहयोग करना है।

सेवा के रंग, राष्ट्र के संग में विद्यार्थियों ने उकेरी वंदे भारत की तस्वीर



राजपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा मंडल राजपुर द्वारा सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासकीय महाविद्यालय सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों ने वंदे भारत रेल और विकसित भारत की संकल्पना पर आधारित रंगोली एवं चित्रकला तैयार की। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोली और चित्रकला के माध्यम से देश की प्रगति, आधुनिक भारत और विकास की कल्पना को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित अन्य लोग शामिल हुए।कार्यक्रम में जपं अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, नपं अध्यक्ष धरम सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, सरपंच सुषमा मरावी, उदय यादव, अनिल तिवारी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीतन पैंकरा सहित महाविद्यालय के स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

5जी सेवा प्रारंभ करने केंद्रीय संचार मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



राजपुर। नगर में 5जी मोबाइल सेवा प्रारंभ किए जाने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नाम एसडीएम राजपुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि राजपुर क्षेत्र में मोबाइल एवं इंटरनेट सेवाओं का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। शिक्षा, व्यापार, बैंकिंग, ऑनलाइन सेवाओं तथा डिजिटल कार्यों के लिए तेज इंटरनेट की आवश्यकता महसूस की जा रही है। ऐसे में क्षेत्र में 5जी सेवा प्रारंभ होने से नागरिकों को बेहतर और तेज संचार सुविधा मिल सकेगी। कांग्रेसियों ने केंद्रीय संचार मंत्री से मांग की कि राजपुर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 5जी नेटवर्क शुरू करने के लिए आवश्यक तकनीकी एवं विभागीय प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर सेवा उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान संतोष सिंह, राजेश पांडेय (टिल्लू), राहुल गुप्ता, विद्यानंद दुबे, राहुल भारती, विकास यादव, विशवास गुप्ता, बाबा भारती, अधिवक्ता स्वतंत्र मिश्रा उपस्थित थे।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई



सोनगरा। आंगनबाड़ी केंद्र कंवरपारा सोनगरा में महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों द्वारा आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई के साथ 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को शासन की योजनाओं से जोड़ना तथा समुदाय में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ शरद चंद्र द्विवेदी तथा विशिष्ट अतिथि सरपंच कृष्णा सिंह रहे। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक रूप से गोद भराई की रस्म संपन्न कराई गई। महिलाओं को मातृत्व के दौरान पोषण, स्वास्थ्य देखभाल एवं नियमित जांच के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक मानकुंवर धुर्वे ने 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम में बाल विवाह निषेध को लेकर भी जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि शरद चंद्र द्विवेदी ने कहा कि महिला एवं बच्चों का स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य समाज की मजबूत नींव है। शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए विभागीय अमले के साथ जनप्रतिनिधियों और समाज के लोगों की सहभागिता भी जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भगमेन राजवाड़े ने किया वहीं सुनीता सिंह ने आभार प्रदर्शन किया। इस दौरान बालेश्वर सिंह, अनुराग द्विवेदी, धरम पैकरा, अभिषेक सिंह, सुनैना जायसवाल, इंद्रमणि, रामदुलारी, रीता कुशवाहा, ललिता देवनाथ, सत्यवती, गिरिजा देवी, लक्ष्मी कांति, बीना सिंह, संतों पैकरा, लालमेन, तिलमनिया एवं झुलेश्वरी सहित अन्य महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

दो माह से खराब थी एनएच 43 की लाइट, हो चुकी है कई दुर्घटनाएं

नवरात्र से पहले एनएच 43 बतौली में रौशन होंगी सड़कें, 170 स्ट्रीट लाइट 24 घंटे में सुधारने का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

नवरात्र और आगामी त्योहारों को देखते हुए बतौली में सड़क और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर चिरंगा मोड़ से शांतिपारा तक करीब दो किलोमीटर क्षेत्र में लाइट बंद पड़ी थी। लगभग 170 रोडसाइड लाइटों को 24 घंटे के भीतर चालू करने का लक्ष्य रखा गया है। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू हरी गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्था का निरीक्षण किया और संबंधित विभागीय अमले को तत्काल सुधार कार्य के निर्देश दिए हैं। पंचायत क्षेत्र में भी खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत युद्ध स्तर पर शुरू कर दी गई है।

खास बातें

- जनपद उपाध्यक्ष ने राष्ट्रीय राजमार्ग और पंचायत क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था का लिया जायजा
- खराब लाइटों के तत्काल सुधार के निर्देश

बतौली से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर चिरंगा मोड़ से शांतिपारा तक रोड लाइट पिछले करीब दो माह से बंद थीं। त्योहारों के दौरान इस हिस्से में अंधेरा रहने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई थी। नवरात्र को देखते हुए जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मंजू हरी गुप्ता ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया तथा विभागीय अधिकारियों और स्थानीय कर्मचारियों को लाइट व्यवस्था तत्काल बहाल करने के निर्देश दिए। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की टीम सुधार कार्य में जुट गई है। बताया गया है कि कहीं तार कटने तो कहीं अन्य तकनीकी खराबी के कारण लाइट बंद हैं। जिसे चिन्हित कर सुधार किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग की रोड साइड लाइटों के ठेकेदार बबलू यादव भी मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि विभाग की पूरी टीम सुधार कार्य में लगी हुई है। करीब दो किलोमीटर क्षेत्र में लगी लगभग 170 लाइटों को जल्द चालू करने का प्रयास किया जा रहा है।जनपद उपाध्यक्ष की पहल पर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे चिरंगा मोड़ से शांतिपारा तक किसी भी रोड साइड लाइट में खराबी होने पर तत्काल सूचना देने के लिए ठेकेदार की ओर से मोबाइल नंबर जारी किया गया है। इससे संबंधित समस्या की जानकारी सीधे दी जा सकती है।



मरम्मत करते कर्मचारी।



सड़क किनारे जले स्ट्रीट लाइट।

पंचायत क्षेत्र में 80 प्रतिशत लाइटें चालू

ग्राम पंचायत स्तर पर भी स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था को लेकर सुधार कार्य जारी है। उपसरपंच हरी गुप्ता ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में करीब 80 प्रतिशत स्ट्रीट लाइटें वर्तमान में चालू हैं। बतौली पंचायत का क्षेत्र खड़धवां और कुनकुरी सहित आसपास के हिस्सों से जुड़ा हुआ है। पंचायत की अंदरूनी सड़कों पर लगी लाइटों की भी लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि शिकायत मिलने अथवा किसी लाइट में खराबी की जानकारी सामने आते ही मरम्मत कराई जाती है। नियमित रूप से भी लगभग 15 दिन के अंतराल में लाइटों की मरम्मत और रखरखाव का काम किया जाता है। बरसात के दौरान तार और विद्युत उपकरणों में खराबी के कारण कुछ स्थानों पर मरम्मत कार्य में परेशानी आई थी। अब मौसम और परिस्थितियां अनुकूल होने के साथ खराब लाइटों को दुरुस्त करने का काम तेज कर दिया गया है।

गड्ढों की मरम्मत, लुचकी घाट और बड़े पुल पर लाइट विस्तार की तैयारी

राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर अंबिकापुर से रघुनाथपुर और लमगांव होकर आने-जाने वाले मार्ग में कुछ स्थानों पर सड़क पर बने गड्ढों की जानकारी भी विभागीय अधिकारियों को दी गई है। इनकी तत्काल मरम्मत का आश्वासन दिया गया है। लुचकी घाट और बड़े पुल फ्लाईओवर पर रोड साइड लाइटों के विस्तार का मुद्दा भी उठाया गया। इस संबंध में बताया गया कि प्रस्ताव तैयार कर भेजा जा रहा है, ताकि इन स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था को मजबूत किया जा सके और दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। एनएच 43 पर आवश्यकता अनुसार रोडसाइड लाइटों की संख्या बढ़ाने की दिशा में प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।

सड़के अंधेरे में न रहे

नवरात्र और त्योहारों के दौरान सड़कें अंधेरे में न रहें, इसके लिए प्रकाश व्यवस्था को प्राथमिकता से दुरुस्त कराया जा रहा है। सड़क पर पर्याप्त रोशनी रहने से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी।

-मंजू हरी गुप्ता
जनपद पंचायत उपाध्यक्ष

खराब लाइट की गई है मरम्मत

बतौली क्षेत्र में रोड साइड लाइटों की समस्या की जानकारी विभाग को मिली है। तत्काल संबंधित कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया है और सुधार कार्य शुरू कर दिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बंद पड़ी रोडसाइड लाइटों को 24 घंटे के भीतर सुधार कर व्यवस्था दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

- बसंत खाखा
कार्यपालन अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग अंबिकापुर



जयनगर दर्रीपारा में कबड्डी स्पर्धा को लेकर ग्रामीणों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम जयनगर के दर्रीपारा में इन दिनों कबड्डी खेल का ग्रामीणों के बीच रोमांच जोरों पर है। ग्रामीण स्तर पर आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमों के खिलाड़ी पूरे उत्साह के साथ मैदान में उतरकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं।

1 अक्टूबर से शुरू हुई इस प्रतियोगिता को लेकर ग्रामीणों एवं खेलप्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मंगलवार को प्रतियोगिता के दौरान तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए। मैदान में खिलाड़ियों के बीच जोरदार संघर्ष देखने को मिला। एक ओर जहां खिलाड़ी अपनी टीम को बढ़त दिलाने के लिए दमखम लगाते नजर आए, वहीं दूसरी ओर रक्षात्मक खिलाड़ियों ने शानदार बचाव कर विपक्षी टीम के खिलाड़ियों को रोकने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रतियोगिता में मंगलवार को अतिथि के रूप में वेद मिश्रा, देवधन बिंझिया,सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद, निकुंज, कृष्णपाल बिंझिया, देवशरण सिंह,बंटेश्वर सारथी एवं घलूम बिंझिया उपस्थित रहे,अतिथियों ने मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनका उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया।

अतिथियों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होने से स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का बेहतर अवसर मिलता है। खेल न केवल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करता है, बल्कि उन्हें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए भी प्रेरित करता है। प्रतियोगिता के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेलप्रेमी मौजूद रहे। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।आयोजन को सफल बनाने में जगमोहन राम,राजू राम,सुरेश कुमार,गणेश,विनोद व अन्य सक्रिय हैं।

कांग्रेस ने पैदल मार्च के बाद किया सीईसी का पुतला दहन

बलरामपुर। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिहर प्रसाद यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन से शहीद चौक (चांदो चौक) तक पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ आमजन भी शामिल हुए। मार्च शहीद चौक स्थित शहीद पार्क पहुंचा, जहां कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रगान किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का सामूहिक वाचन किया। इसके पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले का दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरिहर प्रसाद यादव ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की भागीदारी और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा महत्वपूर्ण है। कांग्रेस कार्यकर्ता इन मुद्दों को लेकर लगातार जनता के बीच अपनी बात रखेंगे।



शासकीय कन्या स्कूल में सेजेस विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों सेजेस में शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर सूरजपुर डीईओ द्वारा सेजेस स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक आहूत कर विद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं, बुधवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में उक्त विषय पर बैठक आयोजित की गई,बैठक में प्राचार्यों के साथ संबंधित अधिकारी एवं विज्ञान संकाय से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

- सूरजपुर डीईओ ने छात्रों व शिक्षकों की जानकारी मांगी

बैठक के एजेंडे में विद्यालयों में छात्र दर्ज संख्या, विद्यार्थियों की विषयवार जानकारी, शिक्षकों की स्वीकृत एवं कार्यरत पदों की स्थिति, कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के मेधावी तथा कमजोर विद्यार्थियों की पहचान एवं कार्ययोजना, मूलभूत आवश्यकताओं एवं समस्याओं, भृत्य, लिपिक कर्मचारियों की जानकारी तथा शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गई,इसके अलावा पाठ्यक्रम पूर्णता की स्थिति, अतिरेक प्राचार्य एवं शिक्षकों की जानकारी, बोर्ड परीक्षा परिणाम, तिमाही परीक्षा परिणाम, विद्यार्थियों की उपस्थिति और लंबे समय से अनुपस्थित विद्यार्थियों की जानकारी भी ली गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बैठक के माध्यम से सेजेस विद्यालयों की वास्तविक शैक्षणिक स्थिति की समीक्षा करने के साथ कमजोर विद्यार्थियों के लिए कार्ययोजना और विद्यालयों की मूलभूत समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा का निर्देश दिया है। विभाग ने केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित न रहते हुए विद्यार्थियों की उपस्थिति, लंबे समय से अनुपस्थित छात्रों और शिक्षकों की वास्तविक स्थिति तक की जानकारी मांगी है।



एसजीजीयू के प्रशासनिक विवाद पर शासन तत्काल ले संज्ञान : हिमांशु



अंबिकापुर। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में कुलपति एवं कुलसचिव के बीच नियुक्ति एवं प्रशासनिक अधिकारों को लेकर सामने आ रहे विवाद को लेकर युवा कांग्रेस आरटीआई सेल के चेयरमैन हिमांशु जायसवाल ने संचालक उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ को पत्र भेजकर मामले में तत्काल हस्तक्षेप एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। पत्र के माध्यम से कहा गया है कि संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा संभाग के हजारों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान है। ऐसे में विश्वविद्यालय के शीर्ष स्तर पर कुलपति एवं कुलसचिव के बीच उत्पन्न प्रशासनिक विवाद का लंबे समय तक बने रहना विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था के हित में नहीं है।

- उच्च शिक्षा संचालक के नाम पत्र लिखकर उच्च स्तरीय की मांग

उन्होंने कहा कि कुलपति द्वारा कुलसचिव डॉ. शारदा त्रिपाठी की नियुक्ति को नियमों के अनुरूप नहीं होने की बात कही गई है। इस विवाद के सार्वजनिक होने एवं मीडिया माध्यमों तक पहुंचने से विश्वविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि कुलसचिव डॉ. शारदा त्रिपाठी की नियुक्ति से संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया, नियम एवं दस्तावेजों की शासन स्तर पर निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार निर्णय लिया जाए। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के पिछले तीन वित्तीय वर्षों में हुई समस्त खरीदी, निविदा, भुगतान एवं निर्माण कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की गई है। विवि में पिछले वर्षों में हुई नियुक्तियों एवं पदस्थापनाओं की भी नियमों के अनुरूप समीक्षा कराए जाने की मांग की गई है। यदि किसी नियुक्ति में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो नियमानुसार कार्रवाई करते हुए योग्य एवं अनुभवी लोगों को विश्वविद्यालय में जिम्मेदारी देने की मांग की गई है। पत्र में कहा गया है कि विश्वविद्यालय में चल रहे प्रशासनिक विवाद का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष प्रभाव विद्यार्थियों की पढ़ाई, परीक्षाओं, परिणाम एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों पर पड़ सकता है। युवा कांग्रेस आरटीआई सेल के चेयरमैन हिमांशु जायसवाल एवं विवि अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष को निशाना बनाना नहीं है, बल्कि एसजीजीयू की शैक्षणिक गरिमा, प्रशासनिक पारदर्शिता एवं विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करना है।

अग्रसेन भवन में सर्व समाज के युवाओं ने किया 30 यूनिट रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में नगर के युवा समिति के सदस्यों ने सर्व समाज ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया,नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के अग्रसेन भवन में आयोजित उक्त ब्लड कैम्प में युवा वर्ग के सदस्यों ने अलग अलग ग्रुप के 30 यूनिट रक्त दान किया, कैम्प में ब्लड कलेक्शन व स्टोरेज का कार्य बालाजी चैरिटेबल ब्लड सेंटर अंबिकापुर सेंटर द्वारा किया गया।

समिति के सदस्यों ने बताया कि आयोजित ब्लड कैम्प का मकसद समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता का विस्तार करना व आपातकालीन समय में जरूरतमंद मरीज को रक्त की उपलब्धता कराना है,इस दौरान अग्रवाल युवा समिति व नव जागृति समिति के सदस्य जतिन तायल,विजय गोयल, राकेश गोयल, सन्नी अग्रवाल, कृष्ण गोयल, मंजीत भामरा,रमेश दनौदिया,प्रदीप गर्ग समेत वरिष्ठ नागरिक सज्जन अग्रवाल, सुभाष गोयल, श्यामलाल गोयल, सतपाल तायल उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर में 9 यूनिट रक्त संग्रहित

राजपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ. विजय सिंह के निर्देशन तथा बीएमओ डॉ. दीपक गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में अस्पताल के स्टाफ सहित लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में कुल 9 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. दीपक गुप्ता, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर मोनू सोनी सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी रक्तदाताओं, बलरामपुर से पहुंची रक्त संग्रहण टीम तथा अस्पताल के समस्त स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है और ऐसे आयोजन समाज में सेवा एवं मानवता की भावना को मजबूत करते हैं।



आलोक बने तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष

वाड्रफनगर। शासकीय उमावि गुडरू के सहायक ग्रेड 3 कर्मचारी आलोक राय को प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। संघ की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार प्रदेश महामंत्री आनंद सिंह यादव एवं सरगुजा संभागीय अध्यक्ष दिनेश कश्यप की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा ने आलोक राय की नियुक्ति की है। उन्हें जिला अध्यक्ष के साथ-साथ बलरामपुर-रामानुजगंज जिले की जिला एवं तहसील शाखाओं की नवीन कार्यकारिणी के गठन की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। अधिसूचना में आलोक राय को संघ की संशोधित नियमावली के अनुरूप जिला एवं तहसील स्तर पर कार्यकारिणी का गठन करने के लिए अधिकृत किया गया है। आलोक राय की नियुक्ति पर प्रदेश एवं सरगुजा संभाग के पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



डॉ. डीके सोनी को मिला आउटस्टैंडिंग एडवोकेट एण्ड पब्लिक इंटरेस्ट एक्टिविस्ट का अवार्ड

अंबिकापुर। आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। डॉ. सोनी को एलीट लीडरशिप अवार्ड्स एंड समिट 2026 के गोवा संस्करण में आउटस्टैंडिंग एडवोकेट एंड पब्लिक इंटरेस्ट एक्टिविस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री महिमा चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उनके करकमलों से डॉ. सोनी को सम्मान पत्र एवं अवार्ड प्रदान किया गया। डॉ. डी.के. सोनी लंबे समय से आम नागरिकों के अधिकारों, सामाजिक न्याय, पारदर्शिता और सुशासन के मुद्दों को लेकर सक्रिय रहे हैं। आरटीआई के माध्यम से सरकारी विभागों एवं सार्वजनिक संस्थानों से महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कर उन्होंने कई मामलों को सामने लाने का प्रयास किया है। इसके साथ ही जनहित याचिकाओं और कानूनी माध्यमों से भी उन्होंने जनसरोकार से जुड़े अनेक मुद्दों को न्यायालय तक पहुंचाया है। डॉ. सोनी अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से आम नागरिकों को त्वरित न्याय दिलाने और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं। संस्था के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को कानूनी प्रक्रिया की जानकारी देने, जनहित से जुड़े मामलों को उचित मंच तक पहुंचाने और प्रशासनिक स्तर पर लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास किए जाते रहे हैं। आरटीआई और जनहित याचिकाओं को उन्होंने जनहित के प्रभावी माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया है। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, सार्वजनिक संसाधनों के उपयोग, प्रशासनिक पारदर्शिता और नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर उनकी सक्रियता लगातार बनी हुई है। एलीट लीडरशिप अवार्ड्स एंड समिट 2026 के गोवा संस्करण में देश के विभिन्न राज्यों से विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली हस्तियां शामिल हुईं। डॉ. डीके सोनी ने कहा कि किसी भी पुरस्कार से ज्यादा महत्वपूर्ण आम नागरिकों के अधिकारों के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें जनहित, सामाजिक न्याय, पारदर्शिता और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए और अधिक प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।

- बॉलीवुड अभिनेत्री महिमा चौधरी के हाथों मिला सम्मान

खबर संक्षेप

अंबिकापुर जबलपुर एक्सप्रेस का माधवनगर में अस्थाई ठहराव

बिश्रामपुर। रेल प्रबंधन द्वारा सतगुरु बाबा नारायण शाह जी की बरसी महोत्सव में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 11265/11266 मदन महल-अम्बिकापुर-मदन महल एक्सप्रेस का 01 मिनट का अस्थाई ठहराव पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के माधव नगर स्टेशन में दिनांक 9 अक्टूबर से 1अक्टूबर तक दिया गया है।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर कथित टिप्पणी की निष्पक्ष जांच की मांग

राजपुर। बलरामपुर जिले के आरईएस विभाग में तकनीकी सहायक के पद पर पदस्थ टीकम चंद कौशिक द्वारा सोशल मीडिया पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संबंध में की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला सामने आया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नीरज तिवारी ने कहा कि यदि उक्त टिप्पणी वास्तव में उनके सोशल मीडिया अकाउंट से की गई है, तो यह गंभीर विषय है। इसलिए मैंने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित पोस्ट/कमेंट की निष्पक्ष जांच कर उसकी सत्यता एवं संदर्भ स्पष्ट किया जाए तथा यदि प्रथमदृष्टया आरोप सही पाए जाते हैं और यह शासकीय सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन सिद्ध होता है, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाए। शासकीय सेवा में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों से निष्पक्षता, मर्यादा और निर्धारित आचरण बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि हमारा विरोध किसी व्यक्ति के निजी विचारों से नहीं, बल्कि शासकीय पद की गरिमा और सेवा आचरण के पालन से जुड़ा है। प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वाले पर कार्रवाई करे।

निधन

श्रवण गिरी

बिश्रामपुर। नपं शिवनंदनपुर के शांतिनगर कॉलोनी निवासी ठेकेदार व कांग्रेसी नेता श्रवण गिरी 54 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया।स्व.



गिरी पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे,उनकी किडनी सम्बन्धी बीमारी का डायलसिस उपचार चल रहा था,परिजन उन्हें जांच के लिए बुधवार को अंबिकापुर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे,इसी दौरान अचानक तबियत बिगड़ जाने से उनका निधन हो गया,श्रवण अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र समेत भरपुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं,गुरुवार को स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

राधे श्याम मंगल

लखनपुर। नगर के व्यवसायी व समाजसेवी राधे



श्याम मंगल का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार चेन्नई नदी तट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि पुत्र सचिन मंगल ने दी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

पेज 1 के शेष...

ओर्केस्ट्रा देखने जा रही नाबालि...

द्वारा नाबालिग का मुलाहिजा कराने के साथ ही बीएनएस की धारा 137(2) (1), 65 (1) एवं पोक्सो एक्ट की धारा 4,6 के तहत अपराध दर्ज किया गया और आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने मामले में लुंड्रा के अगासी निवासी 19 वर्षीय सुनील कुमार नागेश आ. गुडन राम, 24 वर्षीय मंगल राम आ. भुलसी, 29 वर्षीय शैलेन्द्र लकड़ा आ. गंगा लकडा के साथ ही एक विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त स्कूटी, बाइक बरामद किया। पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड व तीन आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लुण्ड्रा असफाक अहमद अंसारी, प्रधान आरक्षक नारायण मिंज, महिला आरक्षक प्रेमा मरावी, आरक्षक राजकुमार यादव, इबनुल खान, धीरेन्द्र पैकरा सक्रिय रहे।

बिना अनुमति पेड़ों की धड़ल्ले से कटाई, वन विभाग मौन

चार सूखे पेड़ों की अनुमति लेकर काट डाले 15 से अधिक आम-खम्हार के पेड़





काटे गए आम व खम्हान के पेड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

विकासखंड लखनपुर के विभिन्न गांवों में बिना अनुमति पेड़ों की कटाई का मामला सामने आने के बाद वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में सेमर, यूकेलिप्टस, आम, सहित अन्य प्रजातियों के पेड़ों की धड़ल्ले से कटाई की जा रही है। हैरानी की बात तो यह है कि चार सूखे आम के पेड़ों को काटने की अनुमति लेकर एक दर्जन से अधिक आम और खम्हार के पेड़ों की कटाई कर दी गई। कटाई के बाद लकड़ियों को ट्रकों के माध्यम से दूसरे क्षेत्रों में ले जाकर बिक्री कर मोटी कमाई लकड़ी तस्करों द्वारा की जा रही है।

खास बात

- सिमर, यूकेलिप्टस, आम समेत विभिन्न प्रजातियों के पेड़ों पर चल रही आरी

ग्राम लोसगी निवासी कपिल गुप्ता ने निजी भूमि लगे पेड़ों की कटाई के लिए अनुमति मांगी थी। आवेदन में भूमि पर 10 आम के पेड़ होने का उल्लेख करते हुए इनमें से चार सूखे आम के पेड़ों को काटने की अनुमति मांगी गई थी। बताया जा रहा है कि एसडीएम द्वारा 6 अगस्त को चार सूखे आम के पेड़ों की कटाई की अनुमति प्रदान की गई। आरोप है कि अनुमति मिलने के बाद मौके पर चार सूखे पेड़ों के बजाय 15 से अधिक आम और खम्हार के पेड़ काट दिए गए। इतना ही नहीं, कटाई के बाद लकड़ी को ट्रकों के माध्यम से परिवहन किए जाने की भी बात सामने आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि लकड़ी तस्करों द्वारा अनुमति की आड़ में बड़े पैमाने पर हरे पेड़ों की कटाई की जा रही है। स्थानीय स्तर पर इस पूरे मामले में वन विभाग की भूमिका को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि क्षेत्र के ग्राम कटिंदा और ग्राम लोसगी जहां तस्करों द्वारा किसानों को झांसे में लेकर बिना अनुमति आरा मशीनों से आम पेड़ों की कटाई की गई है। बिना टीपी परमिशन के ट्रक में लड़कियों को लोड कर परिवहन की तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई स्थानों पर पेड़ों की कटाई के लिए संबंधित विभाग से विधिवत अनुमति नहीं ली जा रही है। इसके बावजूद कटाई के बाद लकड़ियों के परिवहन के लिए आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी किए जाने का दावा किया जा रहा है। इससे पूरे मामले में मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वन विभाग के कुछ अधिकारियों-कर्मचारियों की कथित मिलीभगत से यह पूरा खेल लंबे समय से चल रहा है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की जांच कर अवैध रूप से काटे जा रहे पेड़ों और लकड़ी के परिवहन पर कार्रवाई की मांग की है।

जांच से सामने आ सकता है पूरा मामला

ग्रामीणों का कहना है कि यदि वन विभाग द्वारा क्षेत्र में पेड़ों की कटाई और लकड़ी परिवहन से संबंधित अनुमति, परमिट तथा दस्तावेजों की जांच की जाए तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। लोगों ने संबंधित अधिकारियों से मौके का निरीक्षण कर अवैध कटाई पर रोक लगाने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

टीपी के लिए 6 अक्टूबर को लगाया आवेदन

मामले में एक और महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया है। पेड़ों की कटाई और लकड़ी परिवहन के बाद संबंधित लोग वन विभाग कार्यालय का चक्कर लगाते नजर आए। बताया जा रहा है कि लकड़ी के परिवहन के लिए टीपी जारी कराने हेतु 6 अक्टूबर को वन विभाग में आवेदन दिया गया। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब अनुमति केवल चार सूखे आम के पेड़ों की कटाई की थी, तो मौके पर 15 से अधिक आम एवं खम्हार के पेड़ किस अनुमति के आधार पर काटे गए।

नहीं है जानकारी

टीपी से जुड़े ऐसे किसी भी आवेदन के विषय में जानकारी नहीं है।अगर ट्रक में बिना टीपी लकड़ी लोड किया गया है तो ऐसा नहीं होना चाहिए। इस मामले की जांच करने के बाद ही सारी बातें स्पष्ट तौर पर सामने आएगी।

-सपना मुखर्जी, एसडीओ

दिया गया है आवेदन

टीपी के लिए आवेदन किया गया है। आवेदन को अंबिकापुर एसडीओ कार्यालय भेज दिया गया है।

-रामनिवास दहायत, रेंजर

चार सूखे पेड़ो का दिया गया है परमिशन

चार सूखे पेड़ों को काटने का परमिशन दिया गया है। चार की जगह अगर अधिक पेड़ काटे हैं यह तो जांच कराई जाएगी। जांच सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-रामराज सिंह, प्रभारी एसडीएम

असाइनमेंट एवं प्रायोगिक कार्य के लिए विवि वसूल रहा अतिरिक्त राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के स्नातक कक्षा के विद्यार्थियों से प्रायोगिक परीक्षा और असाइनमेंट का दोबारा शुल्क लिया जा रहा है। प्रवेश के दौरान महाविद्यालयों में शिक्षण शुल्क के साथ विद्यार्थियों ने प्रायोगिक शुल्क और असाइनमेंट शुल्क भुगतान कर चुके हैं। परीक्षा फार्म भरे जाने के दौरान विश्वविद्यालय के पोर्टल पर प्रत्येक विद्यार्थी को प्रायोगिक शुल्क और असाइनमेंट शुल्क का भुगतान करना पड़ रहा है। ऐसे में विद्यार्थी को प्रायोगिक और असाइनमेंट का शुल्क दो बार देना पड़ रहा है।

- कॉलेज प्रवेश समय ले चुके है शुलक,परीक्षा की लिए दोबारा हो रही वसूली

प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए विद्यार्थी को प्रायोगिक कार्य और असाइनमेंट का 100- 100 रूपये देना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि महाविद्यालय कक्षाओं के संचालन के लिए शिक्षण शुल्क विद्यार्थियों से प्राप्त करता है जिसमें प्रायोगिक और असाइनमेंट का शुल्क शामिल है। विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क विद्यार्थी से लेता है जिसमें परीक्षा संचालन, प्रायोगिक परीक्षा, मूल्यांकन आदि शामिल है। विश्वविद्यालय द्वारा स्वध्यायी विद्यार्थियों का भी प्रायोगिक शुल्क लिया जा रहा है जबकि स्वाध्यायी विद्यार्थी महाविद्यालयों में प्रायोगिक कार्य कर परीक्षा देते हैं। विश्वविद्यालय स्वाध्यायी विद्यार्थियों से खेल, पुस्तकालय को शुल्क लेता है जबकि ऐसे विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय कोई सुविधा नहीं प्रदान करता है। स्वाध्यायी विद्यार्थी विश्वविद्यालय की खेल गतिविधियों में शामिल नहीं होते और उन्हें ग्रंथालय की सुविधा भी नहीं प्राप्त होती।विवि के पास न तो लाइब्रेरी की सुविधा है न ही खेल मैदान एवं खेल से सम्बंधित कोई संसाधन ही उपलब्ध है।विवि अपने खर्च के लिए परीक्षार्थियों से मनमाने शुल्क की वसूली कर रहा है।पूर्व में शोध विद्यार्थियों ने भी विवि पर मनमानी तरीके से शुल्क वसूलने के आरोप लगाया था तथा कुलपति एवं कुलसचिव को ज्ञापन सौंप बढ़ी हुई फीस वापस लेने की की मांग की थी।

इस संबंध में संत गहिरा गुरु विवि के कुल सचिव डॉ एसपी त्रिपाठी ने बताया कि वसूली गई राशि कालेजों को भेजा जाएगा। अगर विद्यार्थियों ने कॉलेज को पूर्व में ही भुगतान कर दिया है तो राशि तत्काल वापस की करेगी। इस संबंध में मुझे शिकायत मिली है। शीघ्र ही राशि के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने पकड़ा शराब का जखीरा, आरोपी गया जेल

अम्बिकापुर। नशे के विरूद्ध संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम द्वारा चलाए जा रहे धर पकड़ की कार्रवाई में टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने न सिर्फ आरोपी को पकड़ा बल्कि उसके पास से अंग्रेजी शराब का जखीरा बरामद किया। टीम ने टीम ने आरोपियों के पास से 2.5 लाख कीमत की 35 पेटी मध्य प्रदेश राज्य का अंग्रेजी शराब जब्त किया।



संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जशपुर क्षेत्र बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम झिक्की गांव में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिला गांव के ही सुदर्शन गुप्ता अपने घर में बड़ी मात्रा में अन्य राज्य का विदेशी शराब रखा है। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता अपनी टीम के साथ आज 7 अक्टूबर की सुबह ही झिक्की गांव निवासी सुदर्शन गुप्ता के घर दबिश दी। दबिश के दौरान सुदर्शन गुप्ता घर पर ही मिला। सुदर्शन गुप्ता के घर की तलाश में घर के पीछे बरामदे में एक तिरपाल से छिपा कर रखी गई 35 पेटियों में मध्यप्रदेश राज्य की अंग्रेजी शराब बरामद की। जिसकी कीमत 2 लाख 50 हजार रुपए बताई गई है। टीम ने शराब को जब्त कर सुदर्शन गुप्ता को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1), 34(2),36,59(क) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक अशोक सोनी, आबकारी आरक्षक श्यामसुंदर पैकरा, दीपक पांडे, आशिष कुंज, नगर सैनिक गणेश पांडेय, रणविजय सिंह, रोहित सोनवानी सक्रिय रहे।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, मानसिक रूप से किया प्रताड़ित, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले युवक के विरुद्ध शादी से मुकरने का आरोप लगा पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस मामले में पुलिस ने युवक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार नगर की 19 वर्षीय युवती का सोशल मीडिया के माध्यम से सन 2019 में हर्ष गोयल आ. संजय गोयल नामक युवक से परिचय हुआ था। इस दौरान दोनों आपस मे बातचीत करते हुए एक दूसरे के काफी करीब आ गये थे। इसी बीच युवक ने मिलने के बहाने पीड़िता को अपने पास बुलाया और शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिया। दोनों का संबंध पांच वर्षों तक जारी रहा।

इस दौरान पीड़िता कई बार युवक को शादी के लिए बोली पर युवक कोई न कोई बहाना बनाकर टालता रहा। इस बीच घरवालों ने पीड़िता की शादी कही और कर दी थी लेकिन शादी के बाद भी युवक ने पीड़िता का पीछा नहीं छोड़ा और फोन एवं मैसेज करके उसे परेशान किया करता था। जिसके बाद से पीड़िता के वैवाहिक जीवन मे दरार पैदा हो गया और पति ने शादी के कुछ दिनों बाद पीड़िता को छोड़ दिया। शादी के तत्काल बाद वैवाहिक जीवन मे दरार आने एवं पति द्वारा छोड़े जाने से पीड़िता मानसिक रूप से काफी परेशान थी। उसने अपने पूर्व प्रेमी हर्ष गोयल पर वैवाहिक जीवन तबाह करने का आरोप लगाते हुए उसके विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दिया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर युवक के विरुद्ध धारा 64(2) (एम), 351(2), 4, 51, 6 के तहत अपराध दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल, उप निरीक्षक रघुनाथ राम भगत एवं पुलिस के जवान शामिल थे।

थाना परिसर में हुई शांति सम्मेलन की बैठक

कुसमी। दशहरा त्यौहार को लेकर थाना परिसर में एसडीएम राजस्व बालेश्वर राम, एसडीओपी एलेक्सियुश एक्का, थाना प्रभारी सुबास कुजूर, नायब तहसीलदार अनुराग केरकेट्टा ,नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल की उपस्थिति में शांति सम्मेलन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दशहरा त्यौहार, रावण दहन एवं दशहरा विसर्जन को लेकर सभी समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्यों की उपस्थिति में शांति व्यवस्था के साथ त्यौहार मनाने को लेकर चर्चा की गई। सभी ने शांति व्यवस्था के साथ दशहरा त्यौहार, रावण दहन एवं दशहरा विसर्जन करने की बात रखी गई।

टीबी संक्रमण की श्रृंखला तोड़ने अब शासकीय और निजी चिकित्सक हुए एकजुट

अंबिकापुर। सरगुजा को टीबी मुक्त बनाने के लिए अब टीबी मरीज के उपचार के साथ उसके परिवार और निकट संपर्क में रहने वाले लोगों को संक्रमण से बचाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके लिए शासकीय और निजी चिकित्सकों ने मिलकर काम करने का संकल्प लिया है। द इंटरनेशनल यूनियन अगेंस्ट ट्यूबरकुलोसिस एंड लंग डिजीज (द यूनियन) तथा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, सरगुजा के संयुक्त तत्वावधान में अंबिकापुर में आयोजित एक दिवसीय चिकित्सकीय कार्यशाला में टीबी संपर्क व्यक्तियों को टीबी से बचाव का उपचार देने की रणनीति पर मंथन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. जेके सिंह ने बताया कि टीबी के जीवाणुओं से संक्रमित लोगों में लगभग पांच से दस प्रतिशत व्यक्तियों में जीवनकाल के दौरान सक्रिय टीबी विकसित होने का खतरा हो सकता है। इसलिए टीबी मरीज की पहचान होते ही उसके परिवार एवं निकट संपर्क में आए जोखिम वाले व्यक्तियों की जांच कर सक्रिय टीबी को बाहर करना और पात्र व्यक्तियों को बचाव उपचार से जोड़ना आवश्यक है। कार्यक्रम में डॉ. हर्षप्रीत सिंह, डॉ. अमित सिंह, डॉ. प्रतीक खरे, पैथोलॉजिस्ट डॉ. अल्का सिंह, डॉ. आकाश सिंह, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. दीपिका भगत, एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. अवनी तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्नेहा सिंह सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने टीबी संक्रमण की



रोकथाम और वर्तमान में उपलब्ध बचाव उपचार पर चर्चा की। मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी ने शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय में टीबी मरीजों के लिए उपलब्ध जांच एवं उपचार सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शासकीय चिकित्सालय के क्षय नियंत्रण केंद्र में टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ. कमल नारायण गुप्ता नियमित सेवाएं दे रहे हैं। चिकित्सकीय निगरानी से गंभीर जटिलताओं और टीबी से होने वाली मृत्युदर सरगुजा में 3 प्रतिशत से भी कम है। निजी क्षेत्र की भागीदारी को मजबूत करते हुए होली क्रॉस हॉस्पिटल, अंबिकापुर की संचालिका सिस्टर ममता एवं डॉ. मधु ने टीबी मरीजों के परिवार एवं अन्य पात्र संपर्क व्यक्तियों को टीबी बचाव उपचार से जोडने में संस्थान की सक्रिय सहभागिता का भरोसा दिया। वहीं संगवारी संस्थान के डॉ. चैतन्य मलिक, डॉ. पवन मिखले, डॉ.धीरज संगवारी ने व्यावहारिक चुनौतियों को सामने रखा। द यूनियन के प्रतिनिधि अंशुल हुडा ने कहा कि बड़ी संख्या में संभावित टीबी मरीज सबसे पहले निजी चिकित्सकों एवं अस्पतालों में पहुंचते हैं। इसलिए निजी चिकित्सक टीबी उन्मूलन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। कार्यक्रम का आयोजन द यूनियन के जिला समन्वयक डॉ. अमीन फिरदौसी व टीम के सदस्य महेन्द्र कुमार तिवारी, अमित सिंह, रितेश गुप्ता, समीक्षा कश्यप द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, सरगुजा के सहयोग से किया गया।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि टीबी के जीवाणु से संक्रमित होना और सक्रिय टीबी रोग होना अलग-अलग स्थितियां हैं। संक्रमित प्रत्येक व्यक्ति में बीमारी विकसित नहीं होती, लेकिन रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने सहित विभिन्न परिस्थितियों में निष्क्रिय संक्रमण भविष्य में सक्रिय टीबी का रूप ले सकता है। सक्रिय फेफड़ों की टीबी से पीड़ित अनुपचारित मरीज से एक वर्ष में लगभग 10 से 15 लोगों तक संक्रमण फैलने की आशंका हो सकती है। इसलिए संक्रमण की श्रृंखला तोड़ने के लिए मरीज की शीघ्र पहचान और पूर्ण उपचार के साथ उसके निकट संपर्क में रहने वाले लोगों की जांच भी जरूरी है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आकांक्षा को भेजा गया जेल

अम्बिकापुर। पिछले कुछ दिनों से सरगुजा में सोशल मीडिया इन्फ़्लुएन्सर आकांक्षा टोप्पो और भाजयुमों के बीच चल रहे विवाद में आखिरकार आकांक्षा टोप्पो को जेल भेज दिया गया। आकांक्षा टोप्पो के खिलाफ अलग अलग थानों में अपराध दर्ज है। वहीं कोर्ट ने आकांक्षा टोप्पो के खिलाफ अंत में अपराध की पुनरावृत्ति को लेकर बीएनएस की धारा 111 जोड़ दी जिसके बाद उसे व्यवहार न्यायालय से जमानत नहीं मिली और देर शाम उन्हें जेल भेज दिया गया। इधर आकांक्षा टोप्पो की गिरफ्तारी से लेकर जेल भेजे जाने तक न्यायालय परिसर में गहमा गहमी का माहौल रहा। भाजपा-भाजयुमों ने एक तरफ गाली बाज को जेल भेजों के नारे लगाए तो वहीं दूसरी ओर आकांक्षा के समर्थन में सर्व आदिवासी समाज भी मौजूद रहा और नारेबाजी की।

- पहचान उजागर करने, सामाजिक सौहाद्र बिगाड़ने, गाली गलौज का आरोप, दिनभर रही कोर्ट में गहमा गहमी

बता दें कि दो दिन पूर्व कोतवाली थाने में शैलेन्द्र शर्मा की ओर से सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आकांक्षा टोप्पो और अकील अहमद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। दोनों के खिलाफ आरोप लगाया गया था कि उन्होंने दुष्कर्म पीड़िता की विवशता का फायदा उठाकर उनकी पहचान उजागर की। इसके साथ ही उनपर सामाजिक सौहाद्र बिगाड़ने, आपत्तिजनक वीडियो बनाने, गाली गलौज करने, जाति-धर्म के नाम पर लोगों को भड़काने, 5वीं अनुसूची की बात करने का आरोप लगाया था। इस मामले में पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 196(1), 352, 353 (2) के तहत केस दर्ज किया है। इस मामले में बुधवार को कोतवाली पुलिस ने आकांक्षा टोप्पो को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद से ही आकांक्षा टोप्पो के अधिक्वता द्वारा उन्हें चेकलिस्ट कर छोड़ने की मांग की जा रही थी लेकिन अंतिम समय में कोतवाली पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 111 भी जोड़ दी। आकांक्षा टोप्पो के खिलाफ कमलेश्वरपुर, सीतापुर समेत अन्य थानों में अपराध दर्ज है। अपराध की पुनरावृत्ति पर धारा जोड़े जाने के बाद पुलिस द्वारा उसका मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मेडिकल कराया गया। मेडिकल उपरान्त उसे व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी गुलापन राम यादव की कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान कोर्ट में शैलेन्द्र शर्मा के अधिवक्ता ने आकांक्षा टोप्पो को जमानत दिए जाने का विरोध किया और तर्क रखा कि वे लगातार सामाजिक सौहाद्र बिगाड़ने का काम कर रही है। अपराध की पुनरावृत्ति के कारण उन्हें जमानत नहीं दी जानी चाहिए। सुनवाई के बाद देर शाम कोर्ट ने आरोपी आकांक्षा टोप्पो को जेल भेजने का निर्देश दिया। अब इस मामले में जमानत को लेकर सुनवाई सेशन कोर्ट में होगी। विदित हो कि आकांक्षा टोप्पो की रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता धीरज सिंह के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की है। धीरज सिंह पर आकांक्षा को धमकाने और उसकी कार का पीछा करने के आरोप हैं।

कोर्ट परिसर में जमकर नारेबाजी

इधर आकांक्षा टोप्पो के गिरफ्तारी की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में भाजपा और भाजयुमों के कार्यकर्ता पदाधिकारी जिला एवं सत्र न्यायालय पहुंचे थे। लोगों ने गाली बाज आकांक्षा को जेल भेजों के नारे लगाए। वहीं आकांक्षा के समर्थन में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग मौजूद रहे जिन्होंने भी जमकर नारेबाजी की। मामले को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। सीएसपी के साथ ही टीआई व अन्य महिला पुरुष पुलिसकर्मी तैनात रहे। फैसला सुनाए जाने बाद आकांक्षा को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जेल पहुंचाया गया।



